# IJ-1189

## B.Com. (Part-I)

Term End Examination, 2018

Group - A

Paper - I

Financial Accounting

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

---

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**Note** : Answer **all** questions. All questions carry equal marks.

---

### इकाई / Unit-I

1. लेखांकन सिद्धान्त से आप क्या समझते हैं? इसकी प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

What do you mean by Accounting Principles ? Explain its main characteristics.

**अथवा / OR**

कारण सहित लिखिए कि निम्नलिखित मदें पूँजीगत हैं अथवा आयगत :

(*a*) अंशों के हरण पर प्राप्त राशि।

(*b*) नये उत्पाद पर किया गया विज्ञापन व्यय।

(*c*) ख्याति की बिक्री से प्राप्त राशि।

(*d*) रद्दी पेपर के विक्रय से प्राप्त राशि।

(*e*) राज्य शासन से प्राप्त अनुदान।

(*f*) भूकम्प से हुई असाधारण हानि।

(*g*) विनियोग के विक्रय से प्राप्त लाभ।

(*h*) मोटर एक्सीडेण्ट में दो बैल मारे गए।

State with reasons whether the following items are Capital or Revenue :

(*a*) Amount received on forfeiture of shares.

(*b*) Advertisement expenses to launch a new product.





(*c*) Amount received on sale of goodwill.

(*d*) Money received on sale of waste paper.

(*e*) Aid received from the State Government.

(*f*) Extra-ordinary loss caused due to earthquake.

(*g*) Profit received from the sale of investment.

(*h*) Death of two bullocks in motor accident.

**इकाई / Unit-II**

**2.** 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के प्रचलन में X ने परीक्षा सूची (तलपट) तैयार की। उक्त परीक्षा सूची में अन्तर था, जिसे उसने उचन्त खाता के साथ समाप्त किया।

अकेंक्षक द्वारा दी गई जाँच से निम्नलिखित त्रुटियाँ ज्ञात हुई :

(*a*) अप्रैल, 2016 माह की दैनिक क्रय पुस्तक का योग ₹ 1,750 से कम लगाया गया।

(*b*) अक्टूबर, 2016 माह की दैनिक विक्रय पुस्तक का योग ₹ 9,250 अधिक लगाया गया था।

(*c*) ₹ 8,100 के फर्नीचर क्रय की प्रविष्टि फर्नीचर खाता में ₹ 810 से की गई थी।

(*d*) X द्वारा लिए गए ₹ 10,000 के विपत्र की प्रविष्टि प्राप्य विपत्र पुस्तक में नहीं की गई थी।

(*e*) ₹ 10,000 में क्रय की गई मशीनरी की प्रविष्टि दैनिक क्रय पुस्तक में की गई थी।

संशोधन के लिए आवश्यक जर्नल (पंजी) प्रविष्टियाँ कीजिए तथा उपरोक्त मदों से परीक्षा सूची (तलपट) का अन्तर अभिनिश्चित कर उचन्त खाता में दर्शाइए।

X drew a Trial Balance of his operations for the year ended 31 March, 2017. There was a difference in the Trial Balance which he closed with a Suspense Account. On a scrutiny by the Auditors, the following errors were found :





(*a*) Purchases Day Book for the month of April, 2016 was undercast by ₹ 1,750.

(*b*) Sales Day Book for the month of October, 2012 was overcast by ₹ 9,250.

(*c*) A furniture purchased for ₹ 8,100 was entered in the furniture account as ₹ 810.

(*d*) A bill for ₹ 10,000 drawn by X was not entered in the Bills Receivable Book.

(*e*) A machinery purchased for ₹ 10,000 was entered in the Purchases Day Book.

Pass the necessary journal entries to rectify the same and ascertain the difference in the Trial Balance that was shown under the Suspense Account in respect of the above items.

***अथवा / OR***

श्री कोठारी की लेखा पुस्तकों से 31 मार्च, 2017 को निम्न शेष लिये गये। उक्त तिथि को

आप व्यापार एवं लाभ-हानि खाता तथा चिट्ठा (स्थिति विवरण) तैयार कीजिए :

| विवरण | (₹) | विवरण | (₹) |
|---|---|---|---|
| पूँजी | 14,000 | प्राप्य विपत्र | 3,000 |
| ख्याति | 2,000 | प्रारम्भिक स्कन्ध | 2,425 |
| उत्पादन व्यय | 2,100 | क्रय वापसी | 283 |
| अशोध्य ऋण | 50 | क्रय पर भाड़ा | 140 |
| सामान्य व्यय | 1,850 | लेनदार | 8,246 |
| अपहार (क्रेडिट) | 60 | देनदार | 10,180 |
| मजदूरी | 4,010 | क्रय | 17,105 |
| कर एवं बीमा | 365 | विक्रय पर भाड़ा | 311 |
| संयंत्र | 3,200 | देय विपत्र | 3,230 |
| भवन | 6,000 | अधिकोष अधिविकर्ष | 2,147 |
| हाथ में रोकड़ | 450 | विक्रय | 25,220 |

निम्न बातों को ध्यान में रखिए :

(*i*) अंतिम स्कन्ध का मूल्य ज्ञात नहीं है। लेकिन श्री कोठारी अपनी वस्तुओं को विक्रय पर 20% लाभ लेकर बेचते हैं।



*(Continued)*



(*ii*) अपलिखित कीजिए — ख्याति को 5% से, भवन को 2% से तथा संयंत्र को 10% से।

(*iii*) अदत्त मजदूरी ₹ 150 तथा पूर्वदत्त बीमा प्रब्याजि ₹ 75।

(*iv*) अर्जित किराया ₹ 500 जो अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

(*v*) ₹ 400 की वस्तुएँ निजी उपयोग के लिए तथा ₹ 70 की वस्तुएँ दान में दी गई है।

(*vi*) प्रबन्धक को उसका कमीशन घटाने के बाद बचे हुए शुद्ध लाभ पर 5% की दर से कमीशन देना है।

The following balances are collected from the books of Shri Kothari on 31st March, 2017. You are required to prepare the Trading and Profit & Loss Account as well as the Balance Sheet on the above date :

| Particulars | (₹) | Particulars | (₹) |
|---|---|---|---|
| Capital | 14,000 | Bills Receivable | 3,000 |
| Goodwill | 2,000 | Opening Stock | 2,425 |
| Productive Expenses | 2,100 | Purchase Returns | 283 |



*(Turn Over)*

| Particulars | (₹) | Particulars | (₹) |
|---|---|---|---|
| Bad Debts | 50 | Carriage Inwards | 140 |
| General Expenses | 1,850 | Creditors | 8,246 |
| Discount (Cr.) | 60 | Debtors | 10,180 |
| Wages | 4,010 | Purchases | 17,105 |
| Taxes and Insurance | 365 | Carraige Outwards | 311 |
| Plant | 3,200 | Bills Payable | 3,230 |
| Building | 6,000 | Bank Overdraft | 2,147 |
| Cash in hand | 450 | Sales | 25,220 |

Consider the following facts :

(*i*) Value of Closing Stock is not known but Mr. Kothari sells his goods at a profit of 20% on sales.

(*ii*) Write off Goodwill by 5%, Building by 2% and Plant by 10%.

(*iii*) Outstanding wages ₹ 150 and prepaid Insurance Premium ₹ 75.

(*iv*) Accrued rent ₹ 500 is not received now.





(*v*) Goods worth ₹ 400 were used for personal use and worth ₹ 70 were donated.

(*vi*) Provide Manager's Commission at 5% on Net Profit after charging such commission.

## इकाई / Unit-III

3. 1 अप्रैल, 2012 को एक सीमित कम्पनी ने ₹ 39,000 में एक यंत्र क्रय किया और ₹ 1,000 इसकी स्थापना पर खर्च किए। यंत्र का कार्यशील जीवन 10 वर्ष तथा इस अवधि के अन्त में इसका अवशेष मूल्य ₹ 5,000 आंका गया। 5% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज प्रभारित करते हुए वार्षिक पद्धति के अनुसार प्रथम पाँच वर्षों का यंत्र खाता बनाइए एवं प्रत्येक वर्ष लाभ-हानि पर पड़ने वाले भार को दिखाइए।

वार्षिकी सारिणी के अनुसार ₹ 1 को 5% वार्षिक ब्याज दर से अपलिखित करने के लिए वार्षिक ह्रास की राशि ₹ 0.129505 होगी।

On 1st April, 2012 a Ltd. company purchased a machine for ₹ 39,000 and expensed ₹ 1,000 on its establishment. The working life of the machine is estimated of 10 years and scrap value at the end of such period is ₹ 5,000. Prepare Machinery Account for the first five years according to annuity method by imposing interest @ 5% per annum and also show the burden fell on Profit and Loss each year.

To write off ₹ 1 at 5% annual interest according to annuity table the annual depreciation amount will be ₹ 0.129505.

***अथवा / OR***

गैर-व्यापारिक संस्था से आप क्या समझते हैं? गैर-व्यापारिक संस्था कितने प्रकार के होते हैं? इसके लेखांकन के उद्देश्य बताइए।

What do you understand by Non-trading institutions? How many types of non-trading institutions are there? State its objectives of accounting.





**इकाई / Unit-IV**

4. मेसर्स एस. एण्ड कम्पनी की एक शाखा जगदलपुर में है जो केवल नकद विक्रय करती है। निम्न विवरण से वर्ष 2014-15, 2015-16 तथा 2016-17 के किए जगदलपुर शाखा खाता मुख्य कार्यालय के खाता में बनाइए :

| | 2014-15 (₹) | 2015-16 (₹) | 2016-17 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल को स्कन्ध | 7,000 | 8,000 | 6,000 |
| 1 अप्रैल को लघु रोकड़ | 200 | 300 | 500 |
| शाखा को प्रेषित माल | 48,000 | 91,000 | 84,000 |
| शाखा द्वारा लौटाया गया माल | 600 | 1500 | 4900 |
| व्ययों के लिए शाखा को रोकड़ प्रेषित | 3,600 | 4,800 | 6,000 |
| वर्ष में शाखा से प्राप्त रोकड़ | 55,000 | 1,20,000 | 1,11,000 |

31 मार्च, 2017 को स्कन्ध का मूल्य ₹ 9,000 तथा लघु रोकड़ का शेष ₹ 800 था।

M/s S & Company has a branch in Jagdalpur which sells only for cash. From the following details, prepare Jagdalpur Branch Account in the Books of Head Office for the year 2014-15, 2015-16 and 2016-17 :

| | 2014-15 (₹) | 2015-16 (₹) | 2016-17 (₹) |
|---|---|---|---|
| Stock on 1st April | 7,000 | 8,000 | 6,000 |
| Petty cash on 1st April | 200 | 300 | 500 |
| Goods supplied to Branch | 48,000 | 91,000 | 84,000 |
| Goods returned by the Branch | 600 | 1,500 | 4,900 |
| Cash sent to the branch for Expenses | 3,600 | 4,800 | 6,000 |
| Cash received from branch during the year | 55,000 | 1,20,000 | 1,11,000 |

On 31st March, 2017 the stock was valued at ₹ 9,000 and balance of petty cash was ₹ 800.

**अथवा / OR**





1 अप्रैल, 2017 को एक मशीन भुगतान पद्धति पर क्रय की गई। इसका नकद मूल्य ₹ 5,00,000 है। ₹ 1,00,000 उसी समय नकद दिए गए और शेष राशि चार बराबर की तिमाही किश्तों में दी गई, जिसमें प्रत्येक किश्त ₹ 1,10,000 की है। प्रत्येक किश्त में शेष बकाया पर ब्याज शामिल है।

प्रत्येक किश्त में सम्मिलित ब्याज ज्ञात कीजिए तथा क्रेता की पुस्तकों में विक्रेता का खाता खोलिए।

A machine was purchased on instalment system on 1st April, 2017. The cash price of the machine is ₹ 5,00,000. ₹ 1,00,000 paid on cash at the time of purchase and the balance in four equal quarterly instalments of ₹ 1,10,000 each. Each instalment includes interest on outstanding balance.

Find out the interest included in each instalment and open Vendor's Account in the books of purchaser.

## इकाई / Unit-V

5. सत्यम, शिवम एवं सुन्दरम, एक फर्म में साझेदार हैं तथा 3:2:1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं। वे पद्म को 1 अप्रैल, 2017

को $\frac{1}{8}$ भाग के लिए प्रवेश देते हैं। पद्म अपने भाग की पूँजी ₹ 2,00,000 लाता है किन्तु वह अपने $\frac{1}{8}$ भाग की ख्याति के लिए ₹ 37,500 की राशि नकद नहीं लाता।

आवश्यक जर्नल (पंजी) प्रविष्टियाँ कीजिए, यदि :

(*i*) ख्याति पुस्तकों में नहीं दर्शायी गई है;

(*ii*) प्रवेश की तिथि पर ख्याति ₹ 1,80,000 पुस्तकों में दर्शायी गई है।

Satyam, Shivam and Sundaram are partners in a firm and sharing profits and losses in the ratio 3:2:1. They admitted Padam for $\frac{1}{8}$th share on 1st April, 2017. Padam contributed ₹ 2,00,000 as capital but did not bring cash for his $\frac{1}{8}$th share of goodwill which amounted to ₹ 37,500. Pass necessary journal entries, if :

(*i*) Goodwill does not appear in the books;

(*ii*) Goodwill appeared in the books on the date of admission at ₹ 1,80,000.

**अथवा / *OR***





एक फर्म से साझेदार के अवकाश ग्रहण करने का क्या अर्थ होता है? साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं की विवेचना कीजिए।

What is meant by retirement of a partner from a firm? Discuss the problems that arise on a Partner's retirement.

———